# शरारती टोंबू

(कहानी)

5

एक गोलमटोल, भूरे बालों वाला टोंबू अपने पिता के साथ दूर नदी पर मछली खाने जा रहा था। अभी वह नदी पर पहुँचा भी न था। बहुत सरदी हो रही थी।

इधर कूदता, उधर उछलता टोंबू शैतानी करता हुआ *कलाबाजियाँ* खाता कभी इधर मुड़ जाता कभी उधर।

पिता ने कहा– "टोंबू धीरे-धीरे सीधे चलो। इन *झाड़ियों* में बहुत काँटे हैं, फँस जाओगे"।

पर टोंबू तो अपनी ही मस्ती में था। पिता ने सोच लिया था, अब वे कभी टोंबू को मछलियाँ खिलाने नदी पर नहीं ले जाएँगे।

नदी को दूर से ही देखते टोंबू दौड़ पड़ा। मना करते-करते टोंबू नदी में कूद गया।

*घात लगाए* मगरमच्छ ने टोंबू की टाँग पकड़ ली। टोंबू चिल्लाया।

टोंबू के पिता ने टोंबू को बहुत *मेहनत* से बचाया था।

तब से वे फिर कभी टोंबू को अपने साथ बाहर नहीं लेकर गए।



## शब्द-भंडार

कलाबाजियाँ — नट *(acrobatics)*, झाड़ियाँ — लंबी उगी हुई हरी घास *(bush)*,
घात लगाना — नजर रखे रखना *(ambush)*, मेहनत — श्रम *(exertion)*।

# अभ्यास

## मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

शैतानी कलाबाजियाँ मछलियाँ घात मगरमच्छ मेहनत

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) कौन अपने पिता के साथ मछली खाने जा रहा था?

(ख) किसने टोंबू की टाँग पकड़ ली थी?

## लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) टोंबू दूर नदी पर .............................. खाने जा रहा था।

☐ मछलियाँ ☐ फल ☐ कीड़े

(ख) टोंबू के पिता ने टोंबू को बहुत .............................. से बचाया।

☐ सरलता ☐ प्रयत्न ☐ मेहनत

2. वाक्यों को पूरा कीजिए–

***टाँग, मेहनत, भूरे***

(क) टोंबू के .............................. बाल थे।

(ख) मगरमच्छ ने टोंबू की .............................. पकड़ ली थी।

(ग) टोंबू के पिता ने टोंबू को बहुत .............................. से बचाया था।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) टोंबू के पिता ने क्यों सोच लिया कि वे टोंबू को मछलियाँ खिलाने नदी पर कभी नहीं लेकर जाएँगे?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

(ख) टोंबू के पिता ने टोंबू को किस प्रकार बचाया?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

## भाषा-ज्ञान

**1. पढ़िए, समझिए और लिखिए–**

(क) चमक + दार = चमकदार (ख) उप + कार = ..................

(ग) दमक + दार = .................. (घ) निरा + कार = ..................

(ङ) खुशबू + दार = .................. (च) आ + कार = ..................

**2. शब्दों को उलटकर नए शब्द बनाइए–**

(क) युवा – वायु (ख) सब – ..................

(ग) राह – .................. (घ) वाह – ..................

(ङ) क्षवृ – .................. (च) फसा – ..................

**3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–**

(क) रही हो बहुत थी सरदी ........ बहुत सरदी हो रही थी।

(ख) चल था वह रहा में मस्ती ..................................

(ग) कूद में टोंबू गया नदी ..................................

(घ) काँटे में बहुत झाड़ियों थे ..................................

## क्रियात्मक गतिविधि

- अपने आसपास रहने वाले कुछ जानवरों व उनके बच्चों के नामों की सूची बनाइए तथा उसे अपनी कक्षा में लगाइए।